प्रेस नोट ***08/04/2025***

02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2025 को थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर औराडाड मादी मोड़ के पास से मु0अ0सं0 51/25 धारा 109, 115(2), 351(2), 352, 3(5) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण सुरज यादव पुत्र सुरेश यादव, प्रवीण यादव पुत्र गौतम यादव निवासीगण उसरीखुर्द कम्हारी थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 07/08.04.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त मानसिंह चौहान पुत्र झुरी चौहान निवासी जमालपुर बुलन्द थाना हलधरपुर व थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त मुमताज अहमद पुत्र स्व0 मुख्तार अहमद निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट करने वाली एक अभियुक्ता गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट करने वाली अभियुक्ता आसिया बानो उर्फ लवली पुत्र स्व0 समीम अहमद निवासी सदर चौक रेसमी गली थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया । उक्त के संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 111/25 धारा 299, 353(1)(सी) बीएनएस व 67ए आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत है। उक्त अभियुक्ता का गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।